दिन–शनिवार दिनांक– 20 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तेईसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ।

02. विशेष निगरानी इकाई ने बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी योगेश सागर और अभिलाषा शर्मा के कई ठिकानों पर छापेमारी की।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी कल होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले आज राष्ट्रव्यापी मॉकड्रिल का आयोजन करेगा।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने से मिली भीषण गर्मी से राहत। वज्रपात की घटनाओं में सात लोगों की मौत।

———————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तेईसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित कार्यक्रम से श्री मोदी नौ करोड चौवालीस लाख किसानों के बैंक खातों में अठारह हजार आठ सौ अस्सी करोड रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में योजना की राशि आयेगी।

———————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन से जयपुर–दरभंगा अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह राजस्थान और मिथिला क्षेत्र के बीच रेल संपर्क को और सुदृढ़ बनाएगी। सप्ताह में छह दिन संचालित होने वाली यह ट्रेन खातीपुरा से शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रस्थान करेगी और लगभग पच्चीस घंटे की यात्रा के बाद अगले दिन शाम छह बजकर तीस मिनट पर दरभंगा पहुंचेगी। वापसी दिशा में यह ट्रेन दरभंगा से रात नौ बजकर पन्द्रह मिनट पर रवाना होगी तथा अगले दिन रात दस बजकर तीस मिनट पर खातीपुरा पहुंचेगी। अपने मार्ग में यह ट्रेन अलवर, मथुरा, कानपुर, बाराबंकी, गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रूकेगी।

———————————————

विशेष निगरानी इकाई–एसवीयू ने बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने निलंबित आईएएस अधिकारियों योगेश सागर और अभिलाषा शर्मा के आवासों समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की। साथ ही एसवीयू ने एक निर्माण

कम्पनी के निदेशक पवन कुमार के आवास पर भी तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान दोनों आईएएस अधिकारी अपने आवास पर नहीं मिले। यह कार्रवाई ठेकेदार रिशु श्री से पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर की जा रही है। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने रिशु श्री की कंपनियों को टेंडर दिलाने में मदद की थी। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की रिपोर्ट और एसवीयू में दर्ज प्राथमिकी के बाद राज्य सरकार ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए कल होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले आज राष्ट्रव्यापी मॉकड्रिल का आयोजन करेगा। परीक्षा से पहले मानक तैयारी के निरीक्षण के लिए यह अभ्यास किया जा रहा है। परीक्षा के लिए राज्य के चौंतीस जिलों में तीन सौ इकतीस केन्द्र बनाये गये हैं। राज्य सरकार ने कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। परीक्षा में एक लाख छप्पन हजार से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की सम्भावना है। इधर, नीट परीक्षा को देखते हुए पटना के बापू परीक्षा परिसर के आसपास आज विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। कुम्हरार मार्ग पर ऑटो, ई–रिक्शा और भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं, परीक्षा के मद्देनजर बेली रोड पर मेट्रो कार्य के लिए आज से प्रस्तावित ट्रैफिक ट्रायल भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि चिन्हित फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और मोटर वाहनों की आवाजाही की तुलना में इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यह अनुच्छेद–इक्कीस जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार सहित अनुच्छेद– उन्नीस और अन्य मौलिक अधिकारों के अंतर्गत गारंटीकृत आवाजाही के अधिकार का हिस्सा है। न्यायालय ने इस मामले में एक नियामक निकाय बनाने का सुझाव दिया है। न्यायालय ने पांच वर्षीय बच्चे की सडक दुर्घटना में मौत के मामले में यह फैसला सुनाया।

———————————————————————

राज्य सरकार ने क्रिकेटर मुकेश कुमार और आकाश दीप को पुलिस उपाधीक्षक यानी डीएसपी पद पर नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली–दो हजार छब्बीस के तहत यह अनुशंसा की गयी है। गोपालगंज निवासी मुकेश कुमार और रोहतास के आकाश दीप तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने कई अहम मुकाबलों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। गृह विभाग से प्राप्त

जानकारी के अनुसार नियुक्ति की तिथि से अगले पांच वर्षों तक दोनों खिलाड़ियों को सक्रिय रूप से प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य होगा।

————————————————————————

बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल मुख्य समारोह कोलकाता में आयोजित होगा, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम है— स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में भी योग शिविरों और योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य शामिल होंगे। पटना उच्च न्यायालय में भी इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा। राज्य के प्रमुख पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्र आयोजित किये जायेंगे। वहीं, प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में योगाभ्यास सत्र का आयोजन होगा।

————————————————————————

लोक आस्था के महापर्व छठ का पारंपरिक प्रसाद ठेकुआ का स्वाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया स्लोवाकिया दौरे के दौरान वहां की संसद के स्पीकर रिचर्ड राशि को उपहार स्वरूप ठेकुआ प्रदान किया। प्रधानमंत्री के इस कदम को बिहार और पूर्वांचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर ठेकुआ उपहार स्वरूप दिये जाने से राज्य के पारंपरिक खान—पान को नई वैश्विक पहचान मिली है।

————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के पूर्वी हिस्सो में कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना है। साथ ही राज्य के दक्षिणी भाग में लू की चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की घटना में सात लोगों की मौत हो गई। वैशाली में तीन, शेखपुरा में दो तथा नवादा और जमुई में एक—एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के निकटतम परिजन को चार—चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम में सतर्क रहने की अपील की है।

———————————————————————————

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर ने 'सबौर हर्षित' नामक धान की उन्नत किस्म विकसित की है, जो कम वर्षा और सीमित सिंचाई की परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, सबौर हर्षित धान की फसल लगभग एक सौ पन्द्रह से एक सौ बीस दिनों में तैयार हो जाती है। इसकी औसत उपज पचपन से साठ क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि अनुकूल परिस्थितियों में इससे अस्सी से नब्बे क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। यह किस्म सूखा–सहनशील होने के साथ–साथ कम पानी और उर्वरक की आवश्यकता वाली मानी जाती है।

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले सात महीनों में रोजगार के तिरेसठ हजार एक सौ पन्द्रह नये अवसरों का सृजन किया गया। वहीं, बिहार रोजगार सेतु पोर्टल के माध्यम से अड़सठ हजार आठ सौ बाईस युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में सात निश्चय–तीन की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने अधिकारियों को युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए।

———————————————————————————

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने दारोगा के एक हजार सात सौ निन्यानवे पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित मुख्य लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। मुख्य परीक्षा में दस हजार सात सौ उनसठ अभ्यर्थी सफल हुये हैं। सफल अभ्यर्थियों के लिए अब शारीरिक दक्षता परीक्षा, का आयोजन किया जायेगा। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। यह परीक्षा सत्ताईस मई को आयोजित की गयी थी।

———————————————————————————

दो वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा के लिए नोडल संस्थान भीम राव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की ओर से जारी परिणाम के अनुसार वैशाली के हिमांशु अजनबी और कटिहार के रवि कुमार ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया है। दोनों ने एक सौ बीस में एक सौ सत्रह अंक प्राप्त किये हैं। छात्राओं में सीतामढ़ी की अंजना और बेगूसराय की प्रियंका पासवान संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहीं।

———————————————————————————

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक पदों पर नियुक्ति के लिए प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा बारह जुलाई को होगी। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने कहा है कि अभ्यर्थियों के ई–प्रवेश पत्र बाईस जून से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

———————————————————————

बेगूसराय के चकिया थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में थानाध्यक्ष राजीव रंजन को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पुलिस पदाधिकारी पर कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप है। इधर, बिहार राज्य महिला आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन मांगा है।

———————————————————————

पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर तीस लाख रुपये मूल्य की तीन सौ चार ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की है। छापेमारी के दौरान दो लाख दो हजार रुपये, पांच मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया गया। छापेमारी के दौरान दो तस्कर मौके से फरार हो गए।

———————————————————————

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर ठग गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चौवन लाख चौरासी हजार रुपये नकद, सोने–चांदी के आभूषण, लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

———————————————————————

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र में मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान हाईटेक नकल कराने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर वॉकी–टॉकी, ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। मुख्य सरगना की तलाश जारी है।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत लाल बकैया नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो किशोरों की मौत हो गयी।

———————————————————————

गया जिले के नक्सल प्रभावित लुटुआ थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ और पुलिस के संयुक्त अभियान चलाकर पांच किलोग्राम का आईईडी बरामद किया गया है। बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केन्द्रयी मंत्री अश्विनी वैष्णव के बिहार दौरे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रेल मंत्री और सीएम ने छपरा से आनंद विहार नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– पांच वर्षों में बिहार को मिलेंगी दो सौ नई ट्रेन।

प्रभात खबर नीट–यूजी पुनर्परीक्षा पर लिखता है– एनटीए का परामर्श, डाउनलोड करे नया एडमिट कार्ड, बदल सकते हैं परीक्षा केन्द्र।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– दारोगा भर्ती अब एक पद के लिए छह उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा।

राष्ट्रीय सागर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– पटना शहर से बाहर होंगे सारे कोचिंग सेंटर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की तेईसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के तिहत्तर लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ।

02. विशेष निगरानी इकाई ने बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी योगेश सागर और अभिलाषा शर्मा के कई ठिकानों पर छापेमारी की।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी कल होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा से पहले आज राष्ट्रव्यापी मॉकड्रिल का आयोजन करेगा।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने से मिली भीषण गर्मी से राहत। वज्रपात की घटनाओं में सात लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।